# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला नागौर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :– श्री बाबुलाल जाट (**RAS**)

राजस्व वाद संख्या :– 178/2021 **GCMS 2021/214**

**प्रार्थी**

1. भवानी शंकर पुत्र छितरमल जाति रेगर, निवासीं पांचवा तहसील कुचामनसिटी

**बनाम**

**अप्रार्थीगण :–**

1. भगवानी पत्नी छितरमल
2. बनवारीलाल पुत्र छितरमल
3. राजेन्द्र कुमार पुत्र छितरमल
4. कानाराम पुत्र छितरमल
5. राधेश्याम पुत्र छितरमल जाति रेगर, निवासीं पांचवा तह. कुचामनसिटी
6. राजस्थान सरकार जरिये प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामनसिटी

**प्रार्थना–पत्र :– शुद्वि कराने बाबत अन्तर्गत धारा 136 R.L.R.Act 1956**

उपस्थित :– श्री भीकमचन्द अधिवक्ता वादीया की ओर से।

## आदेश

दिनॉक :– 9/2/2023

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत का सार संक्षेप में इस प्रकार से है प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण 1 ता 4 एक ही परिवार के सदस्य एवं छितरमल के वारिसान है जिनका सजरा खानदान निम्नवत है :–

लिछमणराम
↓
छितरमल
↓

| भगवानीदेवी (पत्नि) | भवानी शंकर (पुत्र) | बनवारीलाल (पुत्र) | राजेन्द्र कुमार (पुत्र) | कानाराम (पुत्र) | राधेश्याम (पुत्र) |
|---|---|---|---|---|---|

ग्राम पांचवा तहसील कुचामनसिटी की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 218 रकबा 1.04 हैक्टर, खसरा नम्बर 520/91 रकबा 0.05 हैक्टर कुल रकबा 1.09 हैक्टर स्थित चली आ रही है, उक्त भूमि खसरा नम्बर 218, 520/91 कुल रकबा 1.09 हैक्टर भूमि छितरराम पुत्र लिछमणराम कौम रेगर सा. देह खातेदार दर्ज चली आ रही थी जिनका स्वर्गवास दिनॉक 27.09.2017 को हो जाने पर उनके स्थान पर नामान्तरकरण संख्या 750 दिनॉक 05.12.2017 को विरासत का नामान्तरकरण भरते समय प्रार्थी के पिता छितरमल पुत्र लिछमण *By Pen Misate* से दर्ज हो गया। जबकि छितरमल पुत्र लिछमण एक है व प्रार्थी के पिता व अप्रार्थी सं. 1 के पति व अप्रार्थी सं. 2 ता 5 के पिता का नाम छितरमल है। उपरोक्त भूमि [illegible] नामान्तरकरण भरते समय *By Pen Misate* से पिताजी के स्थान पर दादाजी का नाम दर्ज हो गया जो कि काबिल शुद्वि प्रार्थना–पत्र लाना आवश्यक हुआ है। प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पांचवा तहसील कुचामनसिटी की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 218 रकबा 1.04 हैक्टर, खसरा नम्बर 520/91 रकबा 0.05 हैक्टर कुल रकबा 1.09 हैक्टर भूमि की प्रार्थी के अप्रार्थी सं. 2 ता 5 के

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:54:15 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

पिताजी व अप्रार्थी सं. 1 के पति का नाम लिछमण के स्थान पर छितरमल की शुद्वि रिकार्ड दुरूस्ती किया जाने का आदेश प्रदान फरमावें।

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण सं. 1 ता 5 ने इकबाली जवाब प्रस्तुत कर प्रार्थना–पत्र को स्वीकार कर फौतगी नामान्तरकरण दर्ज करते समय पिताजी के नाम के स्थान पर दादाजी का नाम भर दिया गया , जिसे दुरूस्त किया जाना उचित है। अप्रार्थी सं. 6 बावजूद इतला अनुपस्थित रहे, जिससे उनके विरूद्व एक–पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

दस्तावेजी साक्ष्य में जमाबंदी नकल, आधार कार्ड की छाया प्रतिंया, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण–पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत की।

उभय पक्षकारान की बहस सुनी गई। प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों एवं इकबाली जवाब में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए ग्राम पांचवा के खसरा नम्बर 218, 520/91 में अशुद्व प्रविष्टि पिता/पति का नाम लिछमणराम के स्थान पर छीतरराम किया जाने का कथन किया है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन किया गया। जमाबंदी नकल सम्वत 2069–2072 ग्राम पांचवा पटवार मण्डल पांचवा तहसील कुचामनसिटी के खाता संख्या 55 खसरा नम्बर 218 रकबा 1.04 हैक्टर खसरा नम्बर 520/91 रकबा 0.05 हैक्टर कुल रकबा 1.09 हैक्टर में छीतरराम पुत्र लिछमणराम कौम रेगर सा. देह खातेदार दर्ज है, नामान्तरकण सं. 750 दिनॉक 05.12.17 (विरासत) से सम्पूर्ण खाते का इन्द्राज भगवानी पत्नी लिछमणराम 1/6 राधेश्याम1/6, भवानीशंकर 1/6, बनवारी 1/6, राजेन्द्र 1/6, कानाराम 1/6, पि. लिछमणराम जाति रेगर सा. देह खातेदार स्वीकृत। जमाबंदी नकल सम्वत 2073–2076 ग्राम पांचवा के खसरा नम्बर 218 रकबा 1.04 हैक्टर खसरा नम्बर 520/91 रकबा 0.05 हैक्टर कुल रकबा 1.09 हैक्टर कानाराम पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, बनवारी पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भगवतीदेवी पत्नि लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भवानी शंकर पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राजेन्द्र पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राधेश्याम पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार दर्ज है। मृत्यु प्रमाण–पत्र 28.11.2017 अनुसार छितरमल पुत्र लिछमणराम की मृत्यु दिनॉक 27.09.2017 को हो चुकी है। आधार कार्ड सं. 541952881970 में भगवानी पत्नी छीतर पांचवा अंकित है, आधार कार्ड सं. 907104786257 राधेश्याम पुत्र छितरमल पांचवा अंकित है, आधार कार्ड सं.559382280763 में भवानीशंकर पुत्र छितरमल पांचवा अंकित है, आधार कार्ड सं. 658088608474 में बनवारीलाल पुत्र छितरमल पांचवा अंकित है, राजेन्द्र कुमार पुत्र छितरमल पांचवा अंकित है, आधार कार्ड सं. 541092734639 में कानाराम पुत्र छितरमल रेगर बस्ती पांचवा अंकित है। वारिस प्रमाण पत्र सरपंच ग्राम पंचायत द्वारा जारी दिनॉक 10.11.2017 अनुसार छीरतमल रेगर पुत्र लिछमणराम रेगर पांचवा के वारिसान भगवानी, राधेश्याम भवानीशंकर बनवारी राजेन्द्र कानाराम को वारिसान बताया गया है। इकबाली जवाब में भी कथन किया है प्रार्थी के पिता के नाम के स्थान पर दादा का नाम सहवन से दर्ज हुआ है जिसे सुधार किया जाना जरूरी है। सम्पूर्ण पत्रावली के विवेचन से स्पष्ट है कि पक्षकारान के पिता छीतरराम के स्थान पर लिछमणराम का नाम वल्दियत में सहवन से दर्ज हुआ है जिसकी पुष्टि उपलब्ध दस्तावेज आधार कार्ड, जमाबंदी नकल, वारिस प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। अतः प्रस्तुत इकबाली जवाब स्वीकार योग्य होने एवं प्रार्थना पत्र साबित होने से स्वीकार योग्य है। अतः प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:54:15 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

## आदेश

प्रार्थना–पत्र प्रार्थी ग्राम पांचवा पटवार मण्डल पांचवा तहसील कुचामनसिटी सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 218 रकबा 1.04 हैक्टर खसरा नम्बर 520/91 रकबा 0.05 हैक्टर कुल रकबा 1.09 हैक्टर में दर्ज प्रविष्टि कानाराम पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, बनवारी पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भगवतीदेवी पत्नि लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भवानी शंकर पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राजेन्द्र पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राधेश्याम पुत्र लिछमणराम हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार दर्ज के *स्थान पर कानाराम पुत्र छितरमल हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, बनवारी पुत्र छितरमल हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भगवतीदेवी पत्नि छितरमल हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, भवानी शंकर पुत्र छितरमल हिस्सा –1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राजेन्द्र पुत्र छितरमल हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार, राधेश्याम पुत्र छितरमल हिस्सा–1/6 रेगर सा. देह खातेदार* राजस्व रेकार्ड में दर्ज किया जावें। तहसीलदार कुचामनसिटी को उपरोक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद हेतु तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनॉक 9/2/2023 को सरे इजलास सुनाया गया।

(बाबुलाल जाट R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:54:15 IST
Reason: SelfAttested